अमर उजाला 26/02/2023

# विशाल और हिमांशु रहे पावर प्वाइंट में अव्वल

## बीकॉम और एमकॉम के 20 विद्यार्थियों ने लिया था प्रतियोगिता में भाग



जीएमएन कॉलेज में प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी के वाणिज्य विभाग द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति प्रतियोगिता हुई। जिसमें विभाग के बीकॉम और एमकॉम के लगभग 20 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसका आयोजन प्रो. पिंकी गुप्ता और प्रो. रीत कौर ने किया।

उनके अनुसार इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विद्यार्थियों ने बेस्ट एंपलॉयर्स टू वर्क विद विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. अनुराधा और डॉ. सुमन ने निर्णायक की भूमिका अदा की। विशाल और हिमांशु ने प्रथम और हर्षिता और महकदीप ने द्वितीय और दिव्य तथा नंदिनी ने तृतीय और तमन्ना तथा सिमरजीत को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और विजेताओं को बधाई दी। इस दौरान वाणिज्य विभाग के प्रो. राममूर्ति, प्रो. सुरेंद्र तथा प्रो. रमनीत कौर उपस्थित रहे।